पंजाब केसरी 10/12/2025

जी.एम.एन. कॉलेज की छात्रा पूर्ति अग्रवाल बहुराष्ट्रीय कम्पनी में चयनित

अम्बाला, 9 दिसम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा पूर्ति अग्रवाल का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कम्पनी विएना एडवांटेज, मोहाली में हुआ है, जहां उन्हें 4.7 लाख वार्षिक का आकर्षक पैकेज ऑफर किया गया है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा पूर्ति अग्रवाल।

यह उपलब्धि पूर्ति के कठोर परिश्रम, उत्कृष्ट प्रबंधन कौशल और सुदृढ़ व्यक्तित्व का परिणाम है। चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में उन्होंने अपने आत्मविश्वास, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, संचार-कौशल और पेशेवर दक्षता से चयनकर्त्ता मंडल को प्रभावित किया। कॉलेज के प्लेसमैंट सैल ने नियमित प्रशिक्षण, मॉक इंटरव्यू, प्रस्तुति कौशल सुधार तथा उद्योग आधारित मार्गदर्शन प्रदान कर पूर्ति के पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि पूर्ति अग्रवाल की यह उपलब्धि हमारे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासनिक संस्कृति और उद्योग संलग्नता की परंपरा को और मजबूत करती है। उनकी सफलता हमारे लिए गर्व का विषय है और यह प्रमाण है कि जी.एम.एन. कॉलेज अपने छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एम.बी.ए. विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान ने कहा कि पूर्ति की समर्पित अध्ययन शैली, प्रबंधन अवधारणाओं की पकड़ तथा लक्ष्य के प्रति स्पष्टता ने उन्हें इस उपलब्धि के योग्य बनाया। वहीं प्लेसमैंट हैड कमलप्रीत कौर ने इसे विभाग एवं प्लेसमैंट सैल के लिए उत्साहवर्धक क्षण बताते हुए कहा कि पूर्ति ने प्रत्येक चरण में असाधारण दक्षता दिखाई और आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी।